हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार 29 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 18.4 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

11 हिसार के फव्वारा चौक पर यूजीसी का विरोध...



12 हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए चैनत के ग्रामीणों ने...




## आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रचा

### -कानूनी शिक्षा के शिखर पर आरपीएस के सितारे

### क्लैट व एलेट 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन



कृष्ण कुमार

महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय खातोद महेंद्रगढ़ के छात्र कृष्ण कुमार ने वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षा क्लैट में अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रच दिया। वहीं पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक, रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, जबकि श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस की छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। बता दें कि आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लैट और एलेट में ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर शिक्षा जगत में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल देशभर में बल्कि विभिन्न राज्यों में भी टॉप रैंक हासिल कर क्षेत्र, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित क्लैट में आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1, छात्र पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक, रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 तथा श्रेयसी कंबोज, कुसुमलता, अंशु, पीयूष, शिखा, लक्षिता, प्रतीक्षा, उषा, वल्लिका, प्राशी गुप्ता, वैभवी सुरेरिया, माही राव, स्पंदन, हंशिका सहित अन्य विद्यार्थियों ने टॉप रैंकों में स्थान बनाते हुए आरपीएस की शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की। उधर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस के छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष आरपीएस के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लैट व एलेट क्वालिफाई किया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा आरपीएस के छह विद्यार्थियों कृष्ण कुमार, महक, पीयूष, श्रेयसी, अक्षिता धीमान, रौनक को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में मिला दाखिला।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि न्यायपालिका समाज की सेवा और संविधान की रक्षा का सशक्त माध्यम है और आरपीएस के ये विद्यार्थी भविष्य के सशक्त न्याय प्रहरी बनेंगे। आरपीएस के विद्यार्थी अब तकनीकी, चिकित्सा के साथ-साथ विधि और वाणिज्य के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रच रहे हैं। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉक्टर पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस की शिक्षण प्रणाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने में सक्षम है, जिसका परिणाम क्लैट और एलेट में यह अभूतपूर्व सफलता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बताया कि विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए समय-समय पर 'मोटिवेशनल सेशन' और काउंसलिंग का आयोजन किया जाता है, जिससे कि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बना रहे।




सफल विद्यार्थियों ने कहा कि यह सफलता आरपीएस परिवार की दूरदर्शी सोच और अटूट परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। अनुभवी शिक्षकों और कानूनी विशेषज्ञों द्वारा नियमित कक्षाओं के साथ-साथ कठिन विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

(ADVT.)


## खबर संक्षेप

### मोबाइल फोन छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** अनाज मंडी चौकी पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता अनीता निवासी ने 18 सितंबर को पुलिस चौकी में शिकायत दी थी कि वह फोन पर बात करते हुए जा रही थी। और जब वह शहीद भगत सिंह स्कूल के नजदीक पहुंची तो पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। शिकायत के आधार पर थाना शहर में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आरोपी हनुमान कालोनी निवासी गौरव उर्फ जुल्फी को हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास से गिरफ्तार कर लिया और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

### वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी पकड़ा गया

**नारनौंद।** थाना बास पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव फरटिया निवासी अंकित के रूप में हुई है। एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि 21 जनवरी को अनूप कुमार ने थाना बास में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 जनवरी की रात को वह अपनी गाड़ी लेकर जींद की ओर जा रहा था। रास्ते में मदनहेड़ी मोड़ के पास वह किसी काम के लिए रुका तो कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी गाड़ी मौके से गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की और भिवानी के फरटिया निवासी अंकित को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस कर्मियों को दिया हथियारों का प्रशिक्षण

**हांसी।** पुलिस लाइन में बुधवार पुलिस कर्मियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस लाइन हांसी में योग अभ्यास के पश्चात जवानों को हथियार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पुलिस लाइन प्रबंधक एसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रतिदिन दो प्लाटून के जवानों को पुलिस लाइन में बुलाकर वेपन हैंडलिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण में एके-47, इंसास राइफल, एसएलआर. तथा टियर गैस गन आदि हथियारों के संचालन का अभ्यास करवाया जाता है। प्रशिक्षक द्वारा सर्वप्रथम जवानों को हथियारों की बनावट, उपयोग तथा सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जाती है।

### 22 बेसहारा पशुओं को भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने बुधवार को मिल गेट, सेक्टर 14, सेक्टर 9-11, सातरोड क्षेत्र से 22 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## कमरे में मृत मिली महिला, कानों-गले पर खरोंच के निशानों से हुआ शक

# रिटायर्ड फौजी की पत्नी की गला दबाकर हत्या, सोने के गहने लूटे

**खांडा खेड़ी में वारदात**
पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी खुलासा, पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

- 25 साल पहले हो चुकी पति की मौत, छोटे बेटे के साथ रहती थी 61 वर्षीय कमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद



नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी में मृतका कमला के घर पर मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



खांडा खेड़ी गांव में रिटायर्ड फौजी की 61 वर्षीय पत्नी की हत्या कर लूटपाट का मामला सामने आया है। महिला का शव घर के अंदर मिला। उनके गले, कानों और हाथ में पहनी हुई अंगूठी के अलावा अन्य सोने के आभूषण भी गायब मिले। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और हिसार के नागरिक अस्पताल पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि महिला की मौत गला दबाने से हुई है। नारनौंद थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 61 वर्षीय कमला देवी के पति सेवानिवृत्त सैनिक सतबीर सिंह का करीब 25 वर्ष पहले निधन हो चुका है। उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। तीनों ही शादीशुदा हैं। वह अपने छोटे बेटे मोहित के साथ रहती थीं। मोहित किसी कार्य के दिल्ली गया था। मंगलवार शाम करीब सात बजे जब वह दिल्ली से लौटा तो उसने कमरे में अपनी मां को मृत पाया। मोहित ने बताया कि उनकी मां हृदय रोग से पीड़ित थीं और उनका हिसार के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उसने सोचा कि कहीं हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई है, लेकिन जब उनके कानों और गले को देखा तो कुछ खरोंच के निशान थे और उनके सोने की जेवर भी गायब थे। उसने तुरंत अपने बड़े भाई मनदीप को बुलाया। भाई ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

### अलमारी में रखे 2.10 लाख रुपये सुरक्षित

पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि घर की अलमारी में रखे 2 लाख 10 हजार रुपये और अन्य जेवरात सुरक्षित थे। मोहित के बयान पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कमला की मौत गला दबाने से हुई थी। थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस की अलग अलग टीमें आरोपित का सुराग लगाने में जुटी हुई हैं। सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपित युवक को पकड़ लिया जाएगा।

## नगर निगम की टीम ने निरंकारी भवन रोड से हटाया अतिक्रमण

### कहा- निर्धारित सीमा में ही रखें सामान



हिसार। अवैध शेड हटवाती नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

- लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर निगम ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

नगर निगम की टीम ने बुधवार को निरंकारी भवन रोड पर कार्रवाई करते हुए अवैध शेड और अस्थायी कब्जे हटाए। किसी तरह के विरोध की संभावना को देखते पुलिस टीम भी कार्रवाई के दौरान मौजूद रही। यह कार्रवाई निगम प्रशासन को लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई। कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि अभियान की शुरुआत निरंकारी भवन रोड से की गई, जहां से अस्थायी अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद टीम ने बस स्टैंड के आसपास, तलाकी गेट, ऋषि नगर, रेलवे रोड और राजगुरु मार्केट सहित कई व्यस्त बाजार क्षेत्रों में भी निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाया। टीम ने व्यापारियों से अपील की कि वे अपना सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें। अभियान के दौरान तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा, पशु पकड़ो अभियान की टीम और पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, साथी की हालत गंभीर

### नीलगाय सामने आने से हुआ हादसा

**हिसार।** नील गाय सामने आने से हुए हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गांव खरकड़ा निवासी 38 वर्षीय कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर कृष्ण कुमार अपने साथी सुरेश के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वे गांव सिंघवा के पास पहुंचे तो अचानक सड़क पर नील गाय आ गई, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कृष्ण कुमार को नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल सुरेश का अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

### 24.3 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक टीम ने ऋषि नगर रेलवे फाटक के पास से एक बाइक सवार को 24.360 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पीरावली निवासी गुरमुख के रूप में हुई है। पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली, जिसके आधार पर ऋषि नगर रेलवे फाटक के पास नाकाबंदी कर आरोपी को पकड़कर पूछताछ की तो तलाशी में उसके पास एक पॉलीथिन में 24.360 ग्राम हेरोइन मिली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह नशीला पदार्थ गांव पीरावली के ही एक व्यक्ति से लेकर आया था। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है तथा नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## दो सफाई कर्मचारियों की मौत मामले में हरियाणा मानव अधिकार आयोग सख्त

# आश्रितों को 30-30 लाख रुपये मुआवजा न्याय की पूर्ति नहीं

- हांसी के होटल में सीवरेज की सफाई के दौरान हुई थी दो कर्मियों की मौत
- आयोग ने कहा-सीवरेज में उतारे गए निर्दोष, पुलिस ने बचाए जिम्मेदार, मानवाधिकार आयोग ने जांच को बताया पक्षपातपूर्ण
- 18 फरवरी को हांसी के एसपी, डीएसपी व डीडीए किए तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक होटल पर 18 अक्टूबर को (धनतेरस के दिन) सीवर सफाई के दौरान दो व्यक्तियों की मौत के मामले में हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन करार दिया है। आयोग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इस अमानवीय घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय किए बिना मामले को किसी भी सूरत में दबाने नहीं दिया जाएगा। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने स्पष्ट किया कि मृतकों के परिजनों को 30-30 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना न्याय की पूर्ति नहीं है। सीवरेज लाइन की सफाई के दौरान दो निर्दोष व्यक्तियों की दर्दनाक मौत के मामले में हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने पुलिस जांच पर कड़ी टिप्पणी करते हुए इसे गंभीर रूप से पक्षपातपूर्ण, संदिग्ध और वास्तविक दोषियों को कानून के कठोर प्रावधानों से बचाने के उद्देश्य से की गई कार्रवाई करार दिया है। आयोग ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि जांच की दिशा तथा रिकॉर्ड पर प्रस्तुत दस्तावेज स्पष्ट रूप से यह दर्शाते हैं कि वास्तविक दोषियों को बचाने के लिए एक जानबूझकर और सुनियोजित प्रयास किया गया है। अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा तथा दोनों सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया को मिलाकर बने पूर्ण आयोग ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि होटल के तथाकथित सहायक प्रबंधक का बिना तिथि का नियुक्ति पत्र न केवल संदेह पैदा करता है, बल्कि यह स्पष्ट संकेत देता है कि घटना के बाद जल्दबाजी में ऐसा दस्तावेज तैयार कर होटल मालिक की जवाबदेही से बचने का रास्ता बनाया गया। आयोग ने इसे कानून और नैतिकता दोनों के साथ खिलवाड़ बताया। आयोग ने यह भी गंभीर आपत्ति जताई उप जिला अटॉर्नी द्वारा बिना किसी ठोस कारण के 13 नवंबर को दी गई कानूनी राय, जिसके माध्यम से अपराध को धारा 105 बीएनएस से धारा 106 बीएनएस में परिवर्तित कर उसका स्वरूप हल्का किया गया, स्वयं उस कानूनी राय पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है और इससे पुलिस जांच एजेंसी की दुर्भावना पूर्ण मंशा एवं मंसूबों का संकेत मिलता है। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने स्पष्ट कहा कि यह केवल जांच में लापरवाही नहीं, बल्कि संस्थागत स्तर पर जवाबदेही से बचने की कोशिश प्रतीत होती है। आयोग ने कहा कि ऐसे मामलों में आधे-अधूरे बहाने और दिखावटी जांच स्वीकार नहीं की जा सकती।

### पुनः जांच कर अगली सुनवाई से 7 दिन पूर्व विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश

मामले की गंभीरता को देखते हुए जस्टिस ललित बत्रा की अध्यक्षता वाले पूर्ण आयोग ने पुलिस अधीक्षक, हांसी को निर्देश दिया है कि वे पूरे प्रकरण की पुनः जांच करें और अगली सुनवाई 18 फरवरी से एक सप्ताह पूर्व विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा अगली सुनवाई पर स्वयं व्यक्तिगत रूप से आयोग के समक्ष उपस्थित हों। इसके साथ ही प्रारंभिक जांच करने वाले उप पुलिस अधीक्षक और विवादित विधिक राय देने वाले उप जिला अटॉर्नी को भी आयोग के समक्ष तलब किया गया है। आयोग ने नगर परिषद या ग्राम पंचायत और होटल प्रबंधन द्वारा अब तक रिपोर्ट न देने को घोर लापरवाही बताते हुए सख्त शब्दों में चेताया है कि आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लिया जाएगा। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने कहा कि मृतकों के परिजनों को 30-30 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना न्याय की पूर्ति नहीं है, बल्कि वास्तविक दोषियों को कानून के कटघरे में लाना अनिवार्य है। आयोग ने दोहराया कि मानव जीवन की कीमत कागजी औपचारिकताओं से नहीं चुकाई जा सकती।

## मेयर प्रवीण पोपली ने कहा- लंबे समय से सीवरेज जाम की समस्या से मिलेगा छुटकारा

# भारत नगर में नई सीवरेज लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

वार्ड 6 में लंबे समय से सीवरेज समस्या का सामना कर रहे क्षेत्रवासियों को निकट भविष्य में बड़ी राहत मिलने वाली है। क्षेत्र में सीवरेज की नई लाइन डालने का कार्य श्रीगणेश हो चुका है। बुधवार को मेयर प्रवीण पोपली ने वार्ड नंबर 6 भारत नगर की गली नंबर 16 में नई सीवरेज लाइन का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मेयर ने कहा कि वार्ड 6 में लंबे समय से सीवरेज जाम की समस्या बनी हुई थी, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नई सीवरेज लाइन बिछाए जाने से क्षेत्रवासियों को इस समस्या से राहत मिलेगी। इस दौरान जेई अजय सिहाग, पब्लिक हेल्थ के जे ई सूरज राणा सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### जलभराव की स्थिति का जायजा भी लिया

मेयर प्रवीण पोपली ने शुभारंभ के दौरान बाद बड़वाली ढाणी, कुंज लाल गार्डन सहित वार्ड 6 और वार्ड 8 के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सीवरेज व्यवस्था और जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि सीवरेज जाम होने के कारण अक्सर सड़कों पर गंदा पानी भर जाता है, जिससे आवागमन बाधित होता है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं।



हिसार। क्षेत्रवासियों से बातचीत करते मेयर प्रवीण पोपली।

### अधिकारियों को स्थायी समाधान के निर्देश

क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मेयर ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक सीवरेज समस्या का पूर्ण और स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक अस्थायी व्यवस्थाओं के तहत अतिरिक्त मोटर या अन्य आवश्यक संसाधन लगाकर जल निकासी की प्रक्रिया को लगातार जारी रखा जाए, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मेयर प्रवीण पोपली ने यह भी स्पष्ट किया कि शहर के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सीवरेज, पेयजल और जलभराव जैसी समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा, ताकि हिसार को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाया जा सके।

### 850 ग्राम सुल्फा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम 850 ग्राम सुल्फे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक धर्मवीर ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए बिजली निगम बरवाला के सामने एक युवक को काबू किया। आरोपी की पहचान अभिषेक पुत्र शीशपाल, निवासी गादड़ पट्टी बालू, जिला कैथल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 850 ग्राम नशीला पदार्थ सुल्फा, एक मोबाइल फोन तथा 200 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने थाना बरवाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



स्पेशल
वर्ल्ड कैंसर डे
4 फरवरी

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कैंसर दुनिया भर में होने वाली मौतों का हृदय रोगों के बाद दूसरा सबसे बड़ा कारण है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च, बेंगलुरु के अनुसार 13.9 लाख व्यक्ति सन 2020 में भारत में कैंसर से ग्रस्त थे और दुनिया भर में 7.5% कैंसर मरीज भारतीय हैं। ऐसे आंकड़े कैंसर को लेकर हमारी चिंता बढ़ाते हैं। लेकिन सुखद है कि नए रिसर्च के अनुसार इसे कंट्रोल करना और समय रहते पता चलने पर ट्रीटमेंट संभव है। कैंसर से जुड़ी बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस यहां दे रहे हैं।

# अवेयरनेस-प्रिकॉशन से संभव है कैंसर से बचाव

**डॉक्टर्स एडवाइस**

**विवेक शुक्ला**

अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के अनुसार, वे दिन अब बीत चुके हैं, जब कैंसर को मृत्यु की पूर्व-चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांच और उपचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं पहले की तुलना में काफी बढ़ गई हैं।

इसके बावजूद भारत के संदर्भ में आज भी विभिन्न प्रकार के कैंसर के तीसरे और चौथे चरण में पहुंचे अधिकांश मरीज असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। साथ ही, देश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में कैंसर से जुड़े अनेक मामले आज भी रिपोर्ट नहीं हो पाते। स्पष्ट है कि यह एक गंभीर समस्या है।

## कैंसर क्यों होता है

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर सामान्यतः कोशिकाओं के डीएनए में होने वाले म्यूटेशन के कारण होता है। डीएनए में मौजूद जीन कोशिकाओं को यह निर्देश देते हैं कि उन्हें कैसे बढ़ना है, कितनी बार विभाजित होना है और किस प्रकार कार्य करना है। जब डीएनए में कोई गड़बड़ी उत्पन्न हो जाती है, तो कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जो आगे चलकर कैंसर का कारण बनती हैं।

## लक्षणों पर दें ध्यान

जिस अंग में कैंसर होता है, उससे संबंधित लक्षण प्रकट होते हैं। उदाहरण के लिए, फेफड़ों के कैंसर में सांस लेने में तकलीफ होती है, जबकि यकृत (लिवर) कैंसर में भूख न लगना और पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। हालांकि कुछ सामान्य लक्षण भी हो सकते हैं-

किसी घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना। बिना कारण वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)। त्वचा के भीतर गांठ महसूस होना, जो तेजी से बढ़ रही हो (ध्यान रखें, हर गांठ कैंसर नहीं होती है)। शरीर के किसी हिस्से में लगातार सूजन होना। खून की कमी (एनीमिया)। बार-बार बुखार आना। मल या मूत्र में रक्त आना। लंबे समय तक थकान या अस्वस्थता महसूस होना। मस्सों या तिलों के रंग, आकार या बनावट में बदलाव। भूख में लगातार कमी होना। इन लक्षणों के दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

## कैंसर के कारण

लगभग 10% कैंसर आनुवंशिक होते हैं, जबकि शेष 90% कैंसर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण उत्पन्न होते हैं, जो जीन में म्यूटेशन का कारण बनती है। रिस्क फैक्टर्स में शामिल हैं- जंक फूड का सेवन अधिक करना। लंबे समय तक जंक और पैकेज्ड फूड का सेवन पेट व बड़ी आंत (कोलन) के कैंसर का खतरा बढ़ाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व कम और वसा, नमक व तेल अधिक होते हैं। धूम्रपान से फेफड़ों में हानिकारक रसायन पहुंचते हैं, जो जीन में विकृति पैदा करते हैं। फेफड़ों के कैंसर का यह प्रमुख कारण है। किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन मुंह, जीभ, गाल और गले के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। नियमित व्यायाम न करने से मोटापा बढ़ता है, जो स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का कारण बन सकता है। बढ़ता वायु प्रदूषण, खासकर वाहनों से निकलने वाला धुआं, फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। अधिक और नियमित शराब सेवन कोशिकाओं की जेनेटिक संरचना को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। ऐसे में स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और नशे की आदतें छोड़कर कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है।







## उपचार के तरीके

पिछले कुछ वर्षों में कैंसर उपचार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले जहां चौथे चरण के कैंसर में औसत जीवन अवधि लगभग 6 महीने थी, वहीं अब यह 4–5 वर्ष या उससे अधिक हो सकती है। यदि कैंसर का पता पहले या दूसरे चरण में चल जाए, तो अधिकांश मामलों में पूर्ण उपचार संभव है। कई उपचार पद्धतियां कारगर हो सकती हैं। पहले की तुलना में कीमोथेरेपी में साइड इफेक्ट्स कम होते हैं। ह्यूमन जीनोम प्रोफाइलिंग और टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सक्रिय करता है, भी कारगर हैं।



## महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर

भारत में महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर तथा गर्भाशय का कैंसर प्रमुख हैं। समय पर जांच और जागरूकता से इन कैंसरों की पहचान शुरुआती अवस्था में संभव है।

**स्तन कैंसर:** स्तन कैंसर के संभावित कारणों में देर से रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) होना, लंबे समय तक हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन कुछ मामलों में जोखिम बढ़ा सकता है, हार्मोनल असंतुलन, शारीरिक गतिविधि की कमी, मोटापा तथा कम अवधि तक स्तनपान कराना, बीआरसीए-1, बीआरसीए-2 तथा पी-53 जैसे जीन में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन), शामिल हैं।

**प्रमुख लक्षण:** स्तन या बगल के पास कठोर गांठ, जो प्रायः दर्द रहित होती है। स्तन की त्वचा में लालिमा, मोटापन या सिकुड़न। निप्पल से तरल का स्राव, जिसमें कभी-कभी खून भी हो सकता है। निप्पल का अंदर की ओर धंसना या उसमें जलन। स्तन के आकार या बनावट में बदलाव

**रोकथाम:** चिकित्सक से परामर्श लेकर नियमित रूप से स्तन की स्व-परीक्षा करना, आवश्यकतानुसार मैमोग्राफी कराना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और वजन नियंत्रित रखना, नियमित व्यायाम एवं प्राणायाम करना, अधिक समय तक स्तनपान कराने से स्तन कैंसर का जोखिम कम होता है।

**उपचार:** जांचों के बाद रोग की अवस्था के अनुसार कैंसर विशेषज्ञ सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी अथवा इम्यूनोथेरेपी में से उपयुक्त उपचार का चयन करते हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** गर्भाशय के निचले हिस्से को गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है। इसी भाग से उत्पन्न होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है।

**कारण:** सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का लंबे समय तक शरीर में बना रहना है, जो यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है।

**लक्षण:** माहवारी के बीच या बाद में असामान्य रक्तस्राव, शारीरिक संबंध के बाद रक्तस्राव या दर्द, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, पेशाब करते समय दर्द या जलन।



**उपचार:** प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी की जाती है। उन्नत अवस्था में कीमोथेरेपी के साथ रेडिएशन थेरेपी दी जाती है।

**रोकथाम:** एचपीवी संक्रमण से बचाव के लिए टीके उपलब्ध हैं। कैंसर-पूर्व परिवर्तनों की पहचान हेतु पैप स्मीयर एवं एचपीवी टेस्ट किए जाते हैं। नियमित जांच से सर्वाइकल कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सकता है।

**ओवेरियन कैंसर:** ओवेरियन कैंसर अंडाशय में होता है, जिसमें असामान्य गांठ या ट्यूमर विकसित हो सकता है, जो कई बार सिस्ट के रूप में दिखाई देता है।

**लक्षण:** पेट में सूजन या लगातार दर्द। भूख न लगना या जल्दी पेट भर जाना। पेट के निचले हिस्से में भारीपन। बार-बार पेशाब की इच्छा। कब्ज या पाचन संबंधी परेशानी।

**संभावित कारण:** कम उम्र में माहवारी का शुरू होना। देर से रजोनिवृत्ति होना, मोटापा, लगभग 10% मामलों में आनुवांशिक कारण, बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2 जीन में उत्परिवर्तन होने पर जीवनकाल में ओवेरियन कैंसर का खतरा 40–50% तक बढ़ सकता है।

**बचाव:** जिन महिलाओं के परिवार में स्तन, ओवेरियन, कोलोन या पैंक्रियाज कैंसर का इतिहास हो, उन्हें विशेषज्ञ से परामर्श लेकर नियमित जांच करानी चाहिए। नियमित व्यायाम एवं वजन नियंत्रण से जोखिम कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

**उपचार:** रोग की अवस्था के अनुसार सर्जरी, कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी तथा कुछ मामलों में रेडियोथेरेपी का उपयोग किया जाता है।

**फेफड़ों का कैंसर:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विभिन्न प्रकार के कैंसर से होने वाली कुल मौतों में फेफड़ों का कैंसर सबसे प्रमुख कारण है।

**कारण:** फेफड़ों के कैंसर का सबसे मुख्य कारण धूम्रपान और तंबाकू का सेवन है। इसके अतिरिक्त, जो लोग धूम्रपान करने वालों के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी कैंसर होने का खतरा रहता है। ऐसे व्यक्तियों को पैसिव स्मोकर कहा जाता है। इसके अलावा, लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण, धुआं, धूल और वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना भी फेफड़ों के कैंसर का कारण बन सकता है।

**लक्षण:** सांस लेने में तकलीफ, बार-बार खांसी आना, सीने में घरघराहट, सीने में दर्द, खांसी या थूक में खून आना।

**जांच:** छाती का एक्स-रे, सीटी स्कैन/ पैट-सीटी स्कैन, एमआरआई, रक्त एवं मूत्र परीक्षण, बायोप्सी, ब्रोंकोस्कोपी।

**उपचार:** फेफड़ों के कैंसर के उपचार के प्रमुख तरीके निम्नलिखित हैं। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का इलाज सर्जरी द्वारा संभव है। रेडिएशन थेरेपी में फोटॉन थेरेपी एवं प्रोटॉन थेरेपी शामिल हैं। उच्च ऊर्जा विकिरण द्वारा कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। एक्सटर्नल बीम रेडिएशन थेरेपी से अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जब कैंसर फेफड़ों से अन्य अंगों में फैल चुका हो, तब कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी की आवश्यकता होती है।

**बचाव के उपाय:** प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने वाला संतुलित आहार लें। हरी सब्जियाँ, मौसमी फल और साबुत अनाज का सेवन करें। जंक फूड से बचें। धूम्रपान न करें। प्रदूषित वातावरण में मास्क का उपयोग करें।

**मुंह-गले का कैंसर:** मुंह और गले का कैंसर विश्व में होने वाले कैंसरों में छठे स्थान पर आता है। यह कैंसर मुंह से लेकर गले तक के किसी भी हिस्से में हो सकता है।

**लक्षण:** मुंह में घाव जो लंबे समय तक ठीक न हो, भोजन या पानी निगलने में कठिनाई, खाने में दर्द, दांतों का जीभ में लगना, आवाज में बदलाव, मुंह कम खुलना, जीभ बाहर निकालने में परेशानी, गले में दर्द या गांठ महसूस होना।

**कारण:** तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अत्यधिक शराब का सेवन इस कैंसर के मुख्य कारण हैं। पान, गुटखा और सुपारी के सेवन से मुंह में बार-बार छाले होना कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**उपचार:** यदि मुंह एवं गले के कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में निदान हो जाए, तो बायोप्सी के बाद सर्जरी द्वारा इलाज संभव है। दूसरी या तीसरी अवस्था में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी दी जाती है। आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी ने उपचार को अधिक सटीक और सफल बनाया है। *

**(डॉ. राजेश मिस्त्री, सीनियर डायरेक्टर (ग्रुप)-ऑन्कोलॉजी, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई और डॉ. सभ्यता गुप्ता, चेयरपर्सन-डिपार्टमेंट ऑफ गायनेकोलॉजी, गायनी ऑन्कोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी, मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम से बातचीत पर आधारित)**

---

**सजेशन**

**डॉ. माजिद अलीम**

# इन दिनों अगर बढ़ जाए गैस-एसिडिटी की समस्या

सर्दी के दिनों में ठंड लगने से, खाने के न पचने से पेट में गैस की समस्या बढ़ जाती है। इससे पेट में मरोड़ उठती है, कई बार दर्द असहनीय हो जाता है। वैसे कई लोगों के लिए तो यह हर मौसम की समस्या होती है। लेकिन सर्दी के दिनों में यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है, जिसकी वजह है बार-बार चाय-कॉफी पीना, पकौड़े खाना, टमाटर सूप में बटर डालकर पीना आदि। इन तमाम वजहों के अलावा लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतों के कारण भी एसिडिटी और गैस की समस्या होती है। इससे बचने के लिए ये उपाय आजमा सकते हैं।

**लिक्विड:** सर्दी हो या गर्मी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि पानी ही हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है। पानी हमें कब्ज से बचाता है और भोजन को वेस्ट में बदलता है। लेकिन भोजन के साथ पानी न पिएं। भोजन से 10 मिनट पहले और आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए। जिससे पेट में गैस नहीं बनती। पानी के अलावा प्रतिदिन ताजा जूस पिएं। पेट में गैस बनने की स्थिति में नीबू पानी पीना भी फायदेमंद होता है। कैफीनयुक्त ड्रिंक्स जैसे कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी ये सभी हमारी पाचनक्रिया पर बुरा असर डालते हैं और इनकी वजह से अपच की समस्या में इजाफा होता है। इन ड्रिंक्स की बजाय हर्बल टी, दूध या सादा पानी अपच की समस्या से काफी राहत दिलाता है।



**फाइबर्स:** रेशेदार भोज्य पदार्थ हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं। मैदे की बजाय गेहूं की ब्रेड, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजारा, मक्का, जौ, बींस, फल और सब्जियों को अपने नियमित आहार में शामिल करें।

**प्रो-बायोटिक्स:** प्रो-बायोटिक्स ऐसे प्राकृतिक बैक्टीरिया हैं जो हमारे शरीर में मौजूद होते हैं। आजकल बाजार में प्रो-बायोटिक्स दूध, ड्रिंक्स, दही और आइसक्रीम मिलती है, जिनके सेवन से अपच की समस्या को दूर किया जा सकता है।

**वसा:** पिज्जा, बर्गर के बजाय लो फैट फूड्स खाने से अपच से होने वाले दर्द से तो बच सकते हैं, साथ ही वजन बढ़ने की समस्या से भी निजात पा सकते हैं।

**मसाले:** ज्यादा मसालेयुक्त खाने से भी सीने में जलन और पेट में गैस होती है। अपच की समस्या होने पर इन्हें खाने से परहेज रखें।

**जीवनशैली:** इन दिनों वही भोजन करें, जो आसानी से पच जाए। अपने मेटाबॉलिज्म, आयु, वजन और काम की शैली के अनुरूप भोजन करना चाहिए ताकि आप फिट रह सकें। नियमित व्यायाम करें। *

---



**डॉक्टर्स सजेशन**

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सुबह के समय जोड़ों में हो दर्द

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। सुबह सोकर उठने और देर तक बैठने के बाद उठने पर घुटनों और शरीर के अन्य जोड़ों में जकड़न महसूस होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

इस तरह की समस्या आपको सर्दियों में होती है या गर्मियों में भी, क्योंकि सर्दी के मौसम में हड्डियों संबंधी समस्या काफी देखी जाती है। आपको नियमित रूप में सुबह-शाम एक्सरसाइज शुरू कर देनी चाहिए। साथ ही एक बार आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें और अगर कमी हो तो डॉक्टर से संपर्क कर इसकी दवा शुरू कर सकते हैं। पर आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ समय से मुझे जबड़े में अकड़न लगती है और यह पूरी तरह खुलता भी नहीं है। मैं कई वर्षों से स्मोकिंग करता हूं। कृपया बताएं, ये लक्षण किसी गंभीर बीमारी के संकेत तो नहीं हैं?**

**-कल्पेश, बिलासपुर**

आप स्वयं बता रहे हैं कि लंबे समय से स्मोकिंग कर रहे हैं, लेकिन आपने यह नहीं बताया क्या आप गुटखा भी खातें हैं? क्योंकि समान्य तौर पर स्मोकिंग का सीधा असर जबड़े पर नहीं पड़ता। लेकिन इसके लिए आपको एक बार डॉक्टर से जरूर संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जबड़ा ना खुलने का कारण पता लगने पर उसका ट्रीटमेंट शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मुझे भूख बहुत कम लगती है। कुछ भी खाने के बाद खट्टी डकारें आने लगती हैं। कभी-कभी पेट में दर्द भी होने लगता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए, कृपया समाधान बताएं।**

**-अमरेंद्र, महेंद्रगढ़**



आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपका डाइजेस्टिव सिस्टम गड़बड़ है। यानी, खाना ठीक से पच नहीं रहा है। इस वजह से खट्टी डकार आती है, आप अपनी लाइफस्टाइल और खान-पान, पहले चेंज करिए। खाने में फाइबर जरूर शामिल करें। दोपहर में दही सलाद लें। और एक फल नियमित रूप से खाएं। रात में ज्यादा भारी खाना नहीं खाएं, हल्का खाना खाए और कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले डिनर कर ले। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा। साथ ही बाजार का तला भुना, ऑयली खाना फिलहाल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मुझे सर्वाइकल की समस्या है। अकसर चक्कर आता है, कभी-कभी सिर दर्द भी होता है। कृपया बताइए, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, महासमुंद**

सर्वाइकल की समस्या का स्थाई इलाज नियमित एक्सरसाइज है। इसके लिए आपको फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर सर्वाइकल की एक्सरसाइज सीख लेना चाहिए। अगर बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है तो डॉक्टर से संपर्क कर पेनकिलर ले सकते हैं, लेकिन इससे फौरी तौर पर आराम मिलेगा। अगर आपका लंबी सिटिंग वाला काम है तो आपको काम के दौरान बीच-बीच में थोड़ी बहुत सर्वाइकल एक्सरसाइज करते रहना चाहिए।

**मेरी उम्र 41 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे किसी भी खाने में स्वाद महसूस नहीं हो रहा है। इसीलिए डाइट बहुत कम हो गई है। इसकी क्या वजह हो सकती है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-संजय, कोरबा**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपनी जांच करा लेनी चाहिए, कई बार हल्का फीवर होता है जो महसूस नहीं होता, पर उसके लक्षण दिखते हैं। जैसा आप बता रहे हैं कि खाने का स्वाद नहीं आ रहा है, इसलिए आप किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं और जरूरत होने पर ट्रीटमेंट शुरू कराएं। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**प्रिकॉशन**

**रेखा देशराज**

ठंडी के मौसम में ही नहीं जाती हुई सर्दियों में भी बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जरा सी लापरवाही से वे निमोनिया से ग्रस्त हो सकते हैं। इसके संक्रमण से बचाव कैसे संभव है, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# जरा सी लापरवाही से हो सकता है निमोनिया

निमोनिया फेफड़ों की एक ऐसी बीमारी है, जिससे विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हर साल 6.5 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होते हैं। 25 लाख लोगों की मौत हो जाती है, जिनमें लगभग 07 लाख बच्चे होते हैं। भारत में यह स्थिति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि पांच साल से कम उम्र के हजारों बच्चे हर साल इसकी वजह से असमय मौत का शिकार हो जाते हैं। निमोनिया एक ऐसी बीमारी है, जो सजगता से रोकी जा सकती है। बावजूद इसके यह दशकों से दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। हर साल 50 लाख से अधिक बच्चों की मौत होती है, जिनमें से 15 प्रतिशत बच्चे निमोनिया के कारण असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं। निमोनिया से मरने वाले ज्यादातर बच्चे निम्न और मध्यम आय वाले देशों जैसे- भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया और कांगो के होते हैं।

**क्या है निमोनिया:** निमोनिया, फेफड़ों का संक्रमण है, जिसमें फेफड़ों के एल्वियोली यानी वायु कोषों में पस या द्रव भर जाता है, जिसके कारण शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती। निमोनिया का यह संक्रमण बैक्टीरिया, वायरस या फंगस से हो सकता है। सबसे सामान्य कारण स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया नामक बैक्टीरिया है। बच्चों में यह रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (आरएसवी) या इंफ्लूएंजा वायरस के कारण भी हो जाता है।

हमारे देश में यह दूसरे देशों के मुकाबले चिंता का कारण ज्यादा है, क्योंकि भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इसके अलावा कुपोषण तथा धुएं के कारण भी निमोनिया होने की आशंका बढ़ जाती है। अमेरिका और यूरोप जैसे देशों में बूढ़े या पहले से बीमार, डायबिटीज या हृदय रोगी ही आमतौर पर निमोनिया से प्रभावित होते हैं।



**जागरूकता है जरूरी:** निमोनिया से बचाव जागरूकता से संभव है। वैक्सीन, स्वच्छ पर्यावरण, पौष्टिक खान-पान और जनजागरूकता की बदौलत इससे आसानी से लड़ा जा सकता है। अगर बच्चों और बुजुर्गों की सजगता से देख-रेख की जाए तो उन्हें निमोनिया से बचाना आसान है।

**निमोनिया के प्रारंभिक लक्षण:** इसके लक्षण अकसर सर्दी या बुखार के रूप में सामने आते हैं। लेकिन अगर ध्यान न दिया गया तो यह धीरे-धीरे गंभीर होने लगते हैं। निमोनिया के सामान्य लक्षण इस प्रकार है-

- तेज बुखार, साथ में कंपकंपी।
- खांसी, जो कभी-कभी कफ या पस के साथ भी आती है।
- सांस लेने में धीरे-धीरे तकलीफ होनी शुरू होती है और फिर तेज-तेज सांसें आने लगती हैं।
- छाती में लगातार दर्द या भारीपन बना रहता है।
- थकान, कमजोरी महसूस होना।
- बच्चों में नाक फड़कना, पसीना आना, दूध या खाना छोड़ देना। बुजुर्गों में यह भ्रम और मानसिक सुस्ती का कारण बनती है।

**बचने के उपाय:** निमोनिया एक गंभीर बीमारी है। लेकिन इससे कुछ उपायों से बचा जा सकता है-

- टीकाकरण बच्चों को निमोनिया से बचाता है। इसी तरह इंफ्लूएंजा वैक्सीन से बुजुर्गों की सेहत सुरक्षित रहती है।
- घर में धुआंरहित चूल्हों का इस्तेमाल किया जाए, प्रदूषण से बचा जाए, धूम्रपान से दूरी बनाई जाए और बच्चों को स्वच्छ तथा खुले वातावरण में रखा जाए, तो निमोनिया से बचाव संभव है।
- पर्याप्त पोषण जरूरी है। छोटे बच्चों को मांएं स्तनपान जरूर कराएं, वह बच्चों को निमोनिया से बचाव के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। विटामिन-ए, सी और डी की कमी से बचना चाहिए।
- निमोनिया के शुरूआती लक्षणों पर डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए तथा उचित एंटीबायोटिक या एंटीवायरल इलाज शुरू कर देना चाहिए। *

खबर संक्षेप

## गुजवि में शैक्षणिक सत्र कार्यक्रम में दी जानकारी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के वाणिज्य विभाग के सौजन्य से 'स्वयम्-मूक्स एवं स्वयम्-प्लस' विषय पर शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म तथा भविष्य की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक संभावनाओं से अवगत कराना था। इस अवसर पर डा. विवेक गुप्ता ने विषय विशेषज्ञ के रूप में सत्र का संचालन किया। सत्र की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग की प्रभारी डा. मोनिका सैनी ने की। विषय विशेषज्ञ डा. विवेक गुप्ता ने स्वयम् का पूर्ण रूप स्टडी वेब ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पाइरिंग माइंड्स बताते हुए कहा कि यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है।

## सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को मिल रहा 35% तक अनुदान

**हिसार।** केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) संचालित की जा रही है, जो स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि पीएमएफएमई योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत तक की पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये तय की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ नए तथा पहले से संचालित निजी सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के साथ-साथ समूह आधारित इकाइयों को भी दिया जा रहा है।

## वीबीएसए पर राष्ट्रीय स्तर की आनन्दशाला आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 29 जनवरी को एक दिवसीय आनन्दशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई करेंगे। उद्घाटन सत्र में प्रो. राजेन्द्र अनायत, कुलगुरु तथा प्रो. राजबीर सिंह, कुलगुरु द्वारा विधेयक के वैचारिक आधार, नीतिगत औचित्य तथा वर्तमान उच्च शिक्षा संरचना से इसकी तुलनात्मक विवेचना प्रस्तुत की जाएगी। द्वितीय सत्र में कुलगुरुओं की एक उच्चस्तरीय पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी।

## कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**हिसार।** प्रदेश सरकार द्वारा कौशल विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा के माध्यम से एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है, जिसके तहत अब आम नागरिक भी सरकारी आईटीआई की लाइब्रेरी और वर्कशॉप सुविधाओं का उपयोग कर सकेंगे। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं और आमजन को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निरंतर नई योजनाएं लागू कर रही है। इस पहल के अंतर्गत नागरिकों को सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उपलब्ध आधुनिक वर्कशॉप, उपकरणों और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करने का अवसर मिलेगा।

## इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज देवमाली को सराहा

**हांसी।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ढाणी पाल निवासी व देवमाली पुस्तक की लेखिका शिखा कुमारी ने फ्रैंकफर्ट जर्मनी में भारत के प्रधान कौंसुलावास की कौंसुल जनरल शुचिता किशोर को 'देवमाली, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सरोकार' पुस्तक भेंट की। यह पुस्तक इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर भी कार्य करती रही है। उनकी एक पुस्तक 'हरियाणवी अध्यात्म गीत' हरियाणा साहित्य अकादमी के सौजन्य से प्रकाशित हो चुकी है। एक पुस्तक 'विष्णु अवतारः श्री देवनारायण' भी इंडिया बुक का रिकॉर्ड में दर्ज हो चुकी है।

### वोट की राजनीति के लिए देश को जातियों में न बांटा जाए : अज्जू घनघस

# हिसार के फव्वारा चौक पर इनसो ने जताया यूजीसी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

यूजीसी का हिसार में भी विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को इनसो ने फव्वारा चौक पर यूजीसी का विरोध करते हुए इस तुरंत वापस लिए जाने की मांग उठाई। विरोध का नेतृत्व इनसो नेता अज्जू घनघस ने किया।

इनसो छात्र नेता अज्जू घनघस ने कहा कि कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र एक साथ पढ़ते-लिखते हैं, एक साथ खाते-पीते हैं। वहां जातिवाद कहां है? अगर कोई व्यक्ति एससी, एसटी या ओबीसी समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करता है तो उसे सज़ा मिलनी ही चाहिए, इससे हम पूरी तरह सहमत हैं।

लेकिन सवाल यह है कि बिना जांच किसी को दोषी कैसे माना जा सकता है। अगर कोई मामला झूठा निकलता है, तो आरोप लगाने वाले पर कार्रवाई क्यों नहीं। यह कैसा क़ानून है। हमारी सरकार से मांग है कि शिक्षा में समानता लाए। वोट की राजनीति के लिए देश को जातियों में न बांटा जाए। देश का भविष्य छात्र हैं, उनके लिए एकता व समानता का क़ानून बनाया जाए। ऐसे क़ानून थोपने से भेदभाव खत्म नहीं होगा, बल्कि और बढ़ेगा, जो समाज और देश-दोनों के लिए खतरनाक है।

इनसो की मांग है कि या तो इस क़ानून को रद्द किया जाए, या इसमें निष्पक्ष जांच की व्यवस्था की जाए। बिना जांच किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि एससी, एसटी व ओबीसी को उनका हक़ मिलना चाहिए हम इसके खिलाफ नहीं हैं, लेकिन ऐसा क़ानून देश को जोड़ेगा नहीं, बल्कि तोड़ेगा। उन्होंने कहा कि जो गलत करे, उसे सज़ा मिले, लेकिन न्याय जाति देखकर नहीं, न्याय न्याय होता है। पीड़ित, पीड़ित होता है, चाहे वह किसी भी वर्ग से हो। न्याय का दायरा सबके लिए बराबर होना चाहिए, किसी एक के लिए नहीं।



**हिसार।** यूजीसी का विरोध करते इनसो कार्यकर्ता।

### जिला ब्राह्मण सभा ने बैठक कर यूजीसी का विरोध करते हुए बताया काला कानून

*हिसार। उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव से निपटने के लिए 13 जनवरी को नोटिफाई किए गए नियमों को लेकर बुधवार को जिला ब्राह्मण धर्मशाला में जिला ब्राह्मण सभा प्रधान रतन लाल शर्मा की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। सभी ने यूजीसी नामक इस काले कानून के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए एकमत होकर आरोप लगाया कि इस काले कानून को लाने से मोदी सरकार को सवर्ण समाज के बच्चों के भविष्य को खत्म करने की मंशा स्पष्ट दिखाई दे रही है। सरकार जानबूझकर समाज में जातियों को आपस में लड़वाने का काम कर रही है। सरकार की ये नीतियां समाज को साम्प्रदायिक दंगों की तरफ धकेलने का काम कर रही है और आपस में जातिवाद का जहर घोलने का काम कर रही है। सरकार जल्दी से जल्दी इस काले कानून यूजीसी को वापस ले अन्यथा ऐसा ना हो कि यह एक बड़े आंदोलन का रूप ले ले। सम्पूर्ण सवर्ण समाज सरकार की इन नीतियों का विरोध करता है। हमारी लड़ाई किसी भी जाति के खिलाफ नहीं है बल्कि सरकार की इन नीतियों के खिलाफ है। सभा इस यूजीसी नामक काले कानून का विरोध करते हुए इसे तुरंत वापिस लिया जाए।*


**हिसार।** ब्राह्मण धर्मशाला में मीटिंग करते जिला ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी।


**उकलाना।** गांव भेरी अकबरपुर में बाबा रामदेव मंदिर में दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु।

## बाबा रामदेव मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना

माघ महीने की दशमी तिथि पर गांव भेरी अकबरपुर में स्थित बाबा रामदेव मंदिर में लगने वाले वार्षिक मेले में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। दशमी के पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के दरबार में पहुंचकर माथा टेका और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को करीब दो किलोमीटर पैदल यात्रा भी करनी पड़ी, लेकिन आस्था के आगे थकान आड़े नहीं आई। बाबा रामदेव लोकदेवता के रूप में विशेष श्रद्धा के प्रतीक माने जाते हैं। उन्हें सच्चे मन से पुकारने पर मनोकामनाएं पूरी करने वाले और पीड़ितों के दुःख हरने वाले संत के रूप में जाना जाता है। हरियाणा, राजस्थान व आसपास के राज्यों से श्रद्धालु उनके दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। मेला तीन दिनों तक चलेगा। इस मंदिर में बाबा रामदेव के साथ-साथ डाली बाई और सरदूल भगत की भी पूजा होती है, जिनका मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कैमरी में बाबा रामदेव मेला लगा, उमड़ी भीड़

**हिसार।** निकटवर्ती गांव कैमरी में वाटर वर्क्स के नजदीक स्थित बाबा रामदेव हनुमान मंदिर में बुधवार को दशमी के दिन बाबा रामदेव के 47वां वार्षिक मेला लगाया गया। मंदिर के पुजारी कर्ण सिंह ने बताया कि बीती रात बाबा रामदेव का जागरण किया गया जिसमें कई गायकों ने बाबा रामदेव का गुणगान किया। आज सुबह आरती के बाद भंडारे का भोग लगाया गया। 11 क्विंटल बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से रात तक आयोजित मेले में बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना के लिए हिसार शहर के अलावा आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे। लोगों ने कतार लगाकर मंदिर में माथा टेका व प्रसाद चढ़ाया। मेले में कई तरह की स्टालें लगाई गई। लोगों ने जमकर खरीददारी की। मंदिर में दिनभर भंडारा चलाया गया।

## पूर्णाहुति के साथ नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न


**हिसार।** नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन पूर्णाहुति के लिए प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पांडवकालीन प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान, सहस्त्र चंडी पाठ व शिव महारुद्राभिषेक का समापन पूर्णाहुति के साथ हुआ। इसके साथ ही सभी श्रद्धालुओं ने अमृतभोज भी पूरी आस्था के साथ ग्रहण किया। पाबड़ा के इस मंदिर में जनकल्याण के निमित महायज्ञ किया गया और मां चण्डके देवी व अन्य देवी-देवताओं की आराधना करते हुए पूर्णाहुति दी गई। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से सैकड़ों श्रद्धालु पूरी निष्ठा के साथ उपस्थित रहे। मां चण्डके देवी सेवा समिति प्रधान जगदीश तायल ने बताया कि पाबड़ा में स्थित प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में सहस्त्र चंडी पाठ व शिव महारुद्राभिषेक में देश-प्रदेश से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक लगातार बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सहस्त्र चंडी पाठ, महायज्ञ, हनुमान चालीसा व सुंदरकांड एवं संतोषी माता व शनि देव का जाप किया गया। इसी क्रम में प्रतिदिन भगवान शिव का महारुद्राभिषेक भी पूरी श्रद्धा के साथ किया गया। लगातार नौ दिनों तक भक्तों के लिए अटूट लंगर की व्यवस्था भी रही।

## 60 रक्तदाताओं को समृद्ध भारत परिषद ने किया सम्मानित

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद द्वारा जिमखाना क्लब में रक्तदाता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि समारोह में 60 रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित हुए डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सचिव डॉ. अजीत कुमार व कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि समारोह में पांच बच्चों को शिक्षा के लिए गोद लिया गया। मंच संचालन डॉ. राकेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर तिलक महता, विजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, राजेश गुप्ता, तरुण महता, बिशम्बर सचदेवा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



हिसार। रक्तदाताओं को सम्मानित करते समृद्ध भारत परिषद के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## प्रो. नरवाल ने व्याख्यान में हरियाणा की आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डाला

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के बारे में भी विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के प्रो. कर्मपाल नरवाल ने बजट 2026-27 (एआई-बेस्ड बजट सजेशन पोर्टल) विषय पर व्याख्यान दिया।

व्याख्यान में, प्रो. नरवाल ने एआई तकनीक का उपयोग करके बजट निर्माण और सुझाव देने वाले पोर्टल के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे यह पोर्टल वित्तीय निर्णय लेने में सहायक हो सकता है और बजट प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकता है। प्रो. कर्मपाल नरवाल ने अपने व्याख्यान में हरियाणा की आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जीएसटी संग्रह में हरियाणा का प्रदर्शन उल्लेखनीय है। उन्होंने पिछले वर्ष के बजट की विस्तृत जानकारी देते हुए हरियाणा की साक्षरता दर और राज्य की जीडीपी दर पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बजट आवंटन पर भी चर्चा की। प्रो. नरवाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के बारे में भी विस्तार से बताया और इसके महत्व को समझाया। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ ज्योति सहित विभाग के शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।


**हिसार।** व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. कर्मपाल नरवाल।

## सेवानिवृत्ति कमल व आशा सम्मानित


**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पंजाबी समाज की तरफ से कमल किशोर व आशा रानी अधीक्षक की सेवानिवृति पर सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सरंक्षक डॉ. एस.बी. लुथरा ने की तथा मंच संचालन पुनीत खुराना ने किया। सरंक्षक डा. एस.बी. लुथरा ने बताया कि कमल किशोर अधीक्षक व आशा रानी अधीक्षक ने महर्षी दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक से अपनी सेवाएं शुरू की थी। गुजवि की स्थापना पर दोनों कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में ज्वाइन किया। समारोह में पंजाबी समाज ने दोनों कर्मचारियों स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## 50 वर्षों की न्यायिक सेवा के लिए चांदीराम सम्मानित



**नारनौंद।** गांव भैणी अमीरपुर के लिए गौरव का क्षण उस समय देखने को मिला, जब गांव के पहले अधिवक्ता वरिष्ठ एडवोकेट चांदीराम लोहान को उनके दीर्घकालीन न्यायिक योगदान और जनसेवा के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में हांसी एसडीजेएम आशुतोष, हांसी जेसीआइएम पुष्करन जोत गिल तथा हांसी बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने वरिष्ठ अधिवक्ता चांदीराम लोहान को न्यायिक क्षेत्र में लगभग 50 वर्षों तक की गई निस्वार्थ जनसेवा के लिए सम्मानित किया। एडवोकेट चांदीराम लोहान गांव भैणी अमीरपुर के पहले वकील हैं, जिन्होंने अपने लंबे वकालती जीवन में विशेष रूप से गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के लोगों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की। 76 वर्ष की आयु में भी उनका संघर्ष, समर्पण और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है। उन्होंने वर्ष 1974 में मात्र 25 वर्ष की उम्र में वकालत की शुरुआत की थी और मुख्य रूप से हांसी व हिसार न्यायालयों में अपनी सेवाएं दीं।

## आईपीएस मुरलीधर शर्मा को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक सम्मान



**आदमपुर।** आदमपुर निवासी वर्तमान में पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में पुलिस कमिश्नर मुरलीधर शर्मा को राष्ट्रपति पुलिस पदक सम्मान मिलने से उनके शिक्षक रहे डॉ. हरपाल, छोटे लाल जस्सु, डा. सुनील वर्मा, रामसिंह बैनीवाल, कृष्ण नूनियां सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर की। मुरलीधर शर्मा को उनके सराहनीय सेवा कार्य के चलते राष्ट्रपति पुलिस पदक दिया गया है। इससे पहले भी उन्हें 2019 में मुख्यमंत्री पुलिस पदक मिल चुका है। बता दें कि मुरलीधर शर्मा ने आदमपुर के सरकारी स्कूल से दसवी कक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद यही फिरोजगांधी मैमोरियल राजकीय महाविद्यालय से बीए की। एमए पंजाब विश्वविद्यालय से करने के बाद राजनीति विज्ञान में एमफिल जेएनयू दिल्ली से की।

## ऋषि परंपरा है योग और सूर्य नमस्कार : अंग्रेज


नारनौंद। गांव हैबतपुर के सरकारी स्कूल में योग करवाते हुए योग सहायक अंग्रेज।

**नारनौंद।** प्राथमिक पाठशाला हैबतपुर में आयुष विभाग द्वारा योग और सूर्य-नमस्कार शिविर आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्रों ने भाग लिया। आयुष योग सहायक अंग्रेज सिंह ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के आसनों का अभ्यास करवाते हुए अपने संबोधन में कहा कि योग कोई सामान्य व्यायाम नहीं है बल्कि हमारे योग ऋषियों द्वारा खोजी गई एक विशेष योग पद्धति है जो शरीर के समस्त अंगों में रक्त संचार को संतुलित करती है। हैड मास्टर मुरादीलाल ने आयुष विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग विद्यार्थियों के मन मस्तिष्क को सुदृढ़ बनाता है इसलिए आयुष विभाग के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में भी योग को अतिशीघ्र लागु करना चाहिए। इस अवसर पर नरेश श्योराण और नरेश कुमार सहित पूरा विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## महेन्द्र सचदेवा को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित


**हिसार।** कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को प्रशस्ति पत्र सौंपते सहायक महेन्द्र सचदेवा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना शाखा में सहायक के पद पर कार्यरत महेन्द्र सचदेवा को गणतंत्र दिवस पर गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सहायक महेन्द्र सचदेवा को मुख्यातिथि एवं हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के द्वारा जिला उपायुक्त महेन्द्र पाल की उपस्थित में प्रदान किया गया है। सहायक महेन्द्र सचदेवा ने यह प्रशस्ति पत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को सौंपा। इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी संजय सिंह उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने महेन्द्र सचदेवा को इस सम्मान के लिए बधाई दी है।

जयंती | जयंती पर लाला लाजपत जयंती पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

### लुवास में मनाई लाला लाजपत राय की 161वीं जयंती

# लाला लाजपत राय का राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय जी की 161वीं जयंती के अवसर पर कुलपति कार्यालय परिसर में श्रद्धापूर्वक समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने लाला लाजपत राय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर लाला जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय जी के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि लाला जी एक निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं महान शिक्षाविद् थे। उन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, आई.पी.वी.एस. निदेशक डॉ. पवन कुमार, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिन्धु, लेखा नियंत्रक विकास खर्ब, स्टोर परचेज अधिकारी डॉ. प्रवीन, टी.वी.सी.सी. के निदेशक डॉ. ज्ञान सिंह व जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. निलेश सिन्धु सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**हिसार।** लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### लाला लाजपत राय की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता : गोयल

**उकलाना।** लाला लाजपत राय के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा की ओर से उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल ने लाला लाजपत राय को याद करते हुए कहा कि उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्रीनिवास गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि लाला लाजपत राय, जिन्हें पंजाब केसरी के नाम से जाना जाता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी थे। उन्होंने साइमन कमीशन का डटकर विरोध किया और अंग्रेजी हुकूमत की लाठियों से घायल होने के बावजूद देश की आजादी के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि लाला लाजपत राय का जीवन देशभक्ति, साहस और बलिदान का प्रतीक है, जिससे आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर रामफल नैन, आनंद जैन, मार्केट कमेटी उपाध्यक्ष, राममिलन शर्मा, संदीप गोयल, प्रवीण गिल, रविंद्र जांगड़ा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कंवर साहब महाराज एक फरवरी को सिवानी में



**हिसार।** राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर साहब महाराज आगामी 1 फरवरी को गुरु रविदास जयंती के अवसर पर हर वर्ष की भांति सिवानी के राधा स्वामी आश्रम में सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने उन्होंने बताया कि गुरु महाराज जी संगत को सत्संग एवं आशीर्वाद देंगे। तोशाम रोड पर आयोजित राधा स्वामी आश्रम में सत्संग के दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। सत्संग में आसपास क्षेत्र से हजारों की संख्या में राधा स्वामी के श्रद्धालु भाग लेंगे।

### शंकराचार्य के बिना स्नान लौटने के मामले की निंदा

**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने प्रयागराज में चल रहे माघ मेले से शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बिना स्नान किए लौटने के मामले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसके लिए वहां के प्रशासन को दोषी ठहराया है। समिति के मुख्य संरक्षक एच.के.शर्मा, संरक्षक विजय ढल, संस्थापक योगेन्द्र शर्मा सहित अन्य समिति सदस्यों ने कहा कि प्रशासन को उच्चकोटि के संत के आगमन पर उचित व्यवस्था करने की जरुरत थी किंतु ऐसा नहीं किया गया। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दुखी मन से मेले से विदा लेने का ऐलान किया।

### सफाई कर्मियों को बहाल करने की मांग उठाई

**हिसार।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर ने नगर निगम कार्यालय के सामने धरनारत सफाई कर्मियों की मांगों का समर्थन करते हुए उन्हें तुरंत ड्यूटी पर बहाल किए जाने की मांग की है। धरनारत कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने सफाई कर्मियों को नोकरी से हटाने की कड़ी निन्दा करते हुए उन्हें तुरंत नोकरी पर बहाल करने की मांग की। उन्होंने ने कहा कि सफाई का काम कोई अस्थायी काम नहीं, हर रोज लगातार चलने वाला काम है।

### विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियम बताए

**हिसार।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और यातायात नियमों का पालन करने की महत्ता को समझाना था। कार्यक्रम में हिसार से यातायात पुलिस की टीम, जिसमें एएसआई कमल सिंह और अन्य स्टाफ सदस्य टीएसआई दिलकुमारी, ममता और टी.एस.आई. रेनू शर्मा शामिल थे, ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन और ट्रैफिक लाइट, हेलमेट, सीट बेल्ट आदि के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### नो नशा नेशन के अंतर्गत किया हवन

**हिसार।** डीएवी पब्लिक स्कूल, कैमरी रोड ने बोर्स्टल जेल कॉलोनी, राजगढ़ रोड में 21 कुण्डीय हवन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जेल के पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार उपस्थित रहे। आचार्य संतोष कुमार शास्त्री ने विशिष्ट अतिथि के रुप में इस कार्यक्रम में शिरकत की। इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इसी श्रृंखला में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैमरी रोड़ की ओर से यज्ञ का आयोजन किया गया।

### सेक्टर 14 में दंत जांच शिविर 8 फरवरी से

**हिसार।** सेक्टर 14 में इंकम टैक्स कार्यालय के सामने स्थित बंसल स्माईलिंग टूथ डेंटल केयर में 8 फरवरी से 15 फरवरी तक आठ दिवसीय निःशुल्क दांतों का कैम्प लगेगा। कैम्प में दंत चिकित्सक डॉ. राहुल बंसल रोगियों को दांतों के रोगों से सम्बंधित सलाह, जांच, एक्सरे, दवाई, दांत निकालने एवं दांत भराई, दांतों की नसों का एकमुश्त इलाज की सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान करेंगे। डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि वे हर वर्ष अपने दादा स्व. लाला रामेश्वर दास बंसल (चिकनवास वाले) की पुण्य स्मृति में निःशुल्क कैम्प लगाते हैं।

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए चैनत के ग्रामीणों ने दिया धरना

## चैनत के खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई दलबीर की मौत का मामला

■ पुलिस अधीक्षक से मिले निष्पक्ष जांच के आश्वासन पर माने परिजन, गांव में किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठे मृतक के परिजन व अन्य।

बरवाला रोड़ स्थित चैनत गांव में 26 जनवरी की रात को खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले खरकड़ी निवासी दलबीर के शव का पुलिस द्वारा जबरदस्ती पोस्टमार्टम करवाने तथा हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने तक शव लेने तथा उसका अंतिम संस्कार किए जाने से मना कर दिया।

मृतक के परिजनों ने द्वारा शव को लेने से मना करने की सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुमेर सिंह व डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई मौके पर पहुंचे और परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इस पर परिजनों ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी तथा शव का बिना सहमति से पोस्टमार्टम करवाने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई तथा उसका हिसार के नागरिक अस्पताल में दोबारा पोस्टमार्टम करवाने की मांग करते हुए नागरिक अस्पताल में धरना शुरू कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नागरिक अस्पताल में हालात तनाव पूर्ण होने की सूचना पर सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुमेर सिंह ने परिजनों को बताया कि सीआईए पुलिस द्वारा एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा आपकी मांग अनुसार शव का मेडिकल बोर्ड टीम द्वारा विडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम करवाया गया है। वहीं आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन से मुलाकात की। जहां पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक से मिले निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद परिजनों ने नागरिक अस्पताल पहुंच शव को ले लिया और गांव खरकड़ी में अंतिम संस्कार कर दिया।

### डीसी व एसपी के आदेश पर किया हत्या का मामला दर्ज

पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त के निर्देशों पर मामले में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है तथा कुछ लोगों को राउंडअप किया गया है। दलबीर की हत्या के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मृतक के परिजन पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन से मिले थे। इसके बाद देर शाम पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल से भी मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। मृतक किसान दलबीर के बेटे साहिल ने बताया कि डीसी ने पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद सदर थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात हत्या की विभिन्न धाराओं के साथ मामला दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एक आरोपी को गिरफ्तार किए जाने के बाद दोपहर करीब ढाई बजे परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए और सामान्य अस्पताल से शव को लेकर गांव के लिए रवाना हो गए।

### यह है मामला

बता दें कि 26 जनवरी रात को खरकड़ी निवासी 45 वर्षीय दलबीर का शव भाटला गांव के खेतों में पड़ा हुआ मिला था। परिजनों के अनुसार दलबीर 24 जनवरी को सुबह 8 बजे हिस्से पर लिए गए खेत में काम करने की बात कह कर घर से निकला था लेकिन जब वह तीन दिन तक वापस घर नहीं लौटा तो 26 जनवरी शाम को परिजन दलबीर को तलाश करते हुए खेत में आए तो उन्हें पड़ोसी के खेत में दलबीर का शव पड़ा हुआ मिला। मृतक के पुत्र साहिल के अनुसार उसके पिता के चेहरे पर चोट के निशान थे और उसका एक हाथ टूटा हुआ था जिससे यह स्पष्ट अंदाजा लगाया जा सकता है कि दलबीर के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में खेत के पड़ोसी नामजद करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था लेकिन पुलिस द्वारा तक इस मामले में किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## कबाड़ की दुकानें खंगालीं

■ चोरी की घटनाओं पर अंकुश के लिए पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। कबाड़ की दुकानों पर जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा बुधवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले में संचालित कबाड़ी दुकानों की गहन जांच की गई। इस दौरान पुलिस ने जिला हांसी में 61 कबाड़ियों की दुकानों की सूची तैयार कर संबंधित थाना एवं चौकी क्षेत्र की पुलिस टीमों द्वारा उनके प्रतिष्ठानों की जांच की गई। पुलिस कर्मियों ने दुकानों पर जाकर उपलब्ध सामान की जांच की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी कबाड़ी द्वारा चोरी का सामान नहीं खरीदा गया है। जांच के दौरान कबाड़ियों को सख्त निर्देश दिए गए कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति सामान बेचने के लिए आता है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्हें यह भी चेतावनी दी गई कि कोई भी कबाड़ी चोरी का सामान न खरीदे। यदि किसी द्वारा चोरी का सामान खरीदा पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## एआई के युग में भी शोध को प्राथमिकता दें : डॉ. वर्मा

■ राजकीय कॉलेज में रिसर्च मेथोडोलॉजी एवं पेपर राइटिंग में नवीन प्रगति पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कार्यशाला के प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रिसर्च मेथोडोलॉजी एवं पेपर राइटिंग में नवीन प्रगति विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले, समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने वाले अनुसंधान को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि लुवास के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा रहे। वहीं रिसोर्स पर्सन के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्याल की बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. सुमन सिंह तथा सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा से डॉ. अमित कुमार ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के युग में शोध के साधन सुलभ हो गए हैं, किंतु ऐसे अनुसंधान को प्राथमिकता देना आवश्यक है जो समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में वास्तविक योगदान दें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने कार्यशाला के आयोजन के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणाका आभार व्यक्त किया।



हांसी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को स्केच भेंट करता आरपीएस स्कूल का छात्र अरुण। फोटो : हरिभूमि

### आरपीएस पब्लिक स्कूल के छात्र ने केंद्रीय मंत्री को भेंट किया स्केच, मिला सम्मान

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र अरुण ने गणतंत्र दिवस पर समारोह के मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्केच बनाकर उन्हें भेंट किया। छात्र की इस अद्भुत कलात्मक प्रतिभा से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने छात्र अरुण को नकद इनाम देकर उसका उत्साहवर्धन किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य एकता सचदेवा, विद्यालय निर्देशक संदीप देशवाल तथा सीनियर कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार ने छात्र अरुण को बधाई देते हुए कहा कि अरुण ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय निदेशक संदीप देसवाल ने बताया कि आरपीएस पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ कला और रचनात्मक गतिविधियों को भी विशेष महत्व देता है और अरुण की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।



हिसार। विद्यार्थियों को सम्मानित करते पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### युवा वर्ग हमारे देश का भविष्य : गर्ग

■ पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी व गोयनका गर्ल्स स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित

**हिसार।** पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी व गोयनका गर्ल्स स्कूल का वार्षिकोत्सव पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में भाग लिया। संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश के युवक-युवतियां हमारे देश का भविष्य है। युवक-युवतियां उच्च शिक्षा प्राप्त करके हरियाणा का नाम ऊँचा करेंगे। पीजीएसडी शिक्षण संस्थान पढ़ाई व खेलकूद में हमेशा अव्वल पर रहा है। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, हरियाणवी व पंजाबी गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बजरंग गर्ग व अन्य अतिथियों ने स्कूल के छात्र-छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर संरक्षक नारायण दास बंसल, वरिष्ठ उप प्रधान कैलाश चौधरी, सचिव सुरेंद्र सिंगला, कोषाध्यक्ष प्रवीण जैन, मुख्य अध्यापक सत्येंद्र गोयल, अग्रसेन भवन के कोषाध्यक्ष रामनिवास कोहलीवाला, पूर्व पार्षद पंकज दीवान, प्रबंधक ओम प्रकाश असीजा, पितरू माल गोयल आदि उपस्थित थे।



हिसार। विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि आरएस वर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### आर्य नगर स्थित राकवमा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां

■ हर्षोल्लास व देशभक्ति के वातावरण में मनाया गणतंत्र दिवस

**हिसार।** आर्य नगर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईएएस आरएस वर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ ग्राम सरपंच रतन सिंह, हनुमान वर्मा सहित अनेक गणमान्य एवं विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ की गई। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय व राजकीय माडल संस्कृति विद्यालय के बच्चों द्वारा भी शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अनिल यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, ग्रामवासियों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

**आयोजन** उपायुक्त ने ली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक

## नेशनल हाईवे-9 व प्रमुख सड़क मार्गों से अवैध कटों को बंद करने के निर्देश

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर बुधवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के प्रमुख सड़क मार्गों पर आवश्यक साइन बोर्ड लगाए जाएं, अवैध कटों को तुरंत बंद किया जाए तथा स्पीड ब्रेकर, ब्लैक स्पॉट और सडक़ किनारे उगी झाडिय़ों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि समिति से स्वीकृत एजेंडों पर पूरी गंभीरता के साथ अमल किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नगराधीश हरिराम, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, आरटीओ संजय बिश्नोई, हनुमान सुथार सहित स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, वन, पुलिस विभाग एवं एनएचआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीसी ने एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी

उपायुक्त ने यह भी कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय सीमा के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि किए गए कार्यों की समीक्षा की जा सके। उपायुक्त महेंद्र पाल ने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित रूप से मुआयना करें और सड़क सुरक्षा से जुड़ी कमियों की पहचान कर संबंधित विभागों से उन्हें शीघ्र दुरुस्त करवाएं। अवैध खनन व ओवरलोडिंग के मामलों पर भी उपायुक्त ने संबंधित विभागों को संयुक्त टीमों के माध्यम से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### लापरवाह वाहनों चालकों पर दिखाएं सख्ती

बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने ओवर स्पीड, बिना हेलमेट, ट्रिपल सवारी और बिना सीट बेल्ट वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित ढाबों व होटलों के समीप यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, एनएच-9 पर बने अवैध कटों को बंद करने तथा सडक़ों व पुलों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी। उन्होंने हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त निर्णय लेने के निर्देश दिए।



हिसार। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह।

### पोस्टर मेकिंग में गुलप्रिया व खुशी ने मारी बाजी

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय में बुधवार को रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एड्स जागरूकता एवं रक्तदान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह नो किया। रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ. अर्चना मलिक तथा सह प्रभारी डॉ. शर्मिला गुणपाल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। गुलप्रिया (बीए प्रथम वर्ष) तथा खुशी (बीएससी प्रथम वर्ष) ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी कड़ी में प्रिया (बीसीए द्वितीय वर्ष) तथा काजल (बीए प्रथम वर्ष) ने द्वितीय पुरस्कार तथा आरती (बीए द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ पोस्टरों के विजेताओं को प्रमाण-पत्र व कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. नीरू बाला, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. छवि मगंला, शालू नारंग, साक्षी तथा अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### आज की महिला हर क्षेत्र में आगे : मंजू राणा



**बरवाला।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संदेश के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नहर कोठी बरवाला के प्रांगण में ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और खेलकूद महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने का एक मजबूत माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के लोक कलाकारों जिनमें अनिल कुमार, राजेंद्र सिंह, महावीर शर्मा, सुंदर सिंह तथा मंजीत सिंह ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को सामाजिक कुरीतियों बारे जागरूक किया। विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ अनीता खुराना, सुपरवाइजर शीतल, सीमा, सुमित्रा, पूजा, प्रगति, नीलम, कविता सैन एवं सुभाष चंद्र सहित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सोनिया और काजल विज्ञान प्रदर्शनी में रहीं प्रथम



**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष की दो छात्राओं सोनिया एवं काजल ने अंतरजिला विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के फलस्वरूप अब उनका चयन राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए किया गया है। इस उपलब्धि पर छात्राओं की मेंटर एवं विभाग प्रभारी कुमारी मीनाक्षी शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए उन पर गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यपाल सिंह एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने सोनिया और काजल को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी तथा राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भाजपा सरकार में विकास कार्यों की झड़ी लगी : भव्य



**आदमपुर।** भाजपा की सरकार और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में आदमपुर के चहुंमुखी विकास का जो संकल्प हमने लिया था, उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज हलके के सभी गांवों में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। यह बात युवा नेता एवं पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने हलके के गांवों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन करने के दौरान बातचीत करते हुए कही। भव्य ने आदमपुर के विकास की कड़ी में बुधवार को गांव जगान में कब्रिस्तान के शैड, एससी चौपाल में कमरे तथा धानक चौपाल में कमरे का उद्घाटन किया। भाणा गांव में रास्ते, श्मशान भूमि में शैड, कमरा, एससी श्मशान भूमि में शैड, कमरा, पानी की टंकी, एससी चौपाल में कमरे, खैरमपुर में खाल, चबरवाल में पार्क, सदलपुर में खाल, दड़ौली में सैन धर्मशाला चौक व लाइब्रेरी तथा आदमपुर में पार्क के पूरे हो चुके कार्यों का उद्घाटन किया।

### वित्तीय साक्षरता व्यवसाय एवं उद्यमिता का स्रोत : रूचिता

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की प्लेसमेंट सेल एवं वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वित्तीय साक्षरता के माध्यम से व्यवसाय एवं उद्यमिता के अवसर विषय पर आधारित इस ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के अंतर्गत हुआ। वेबीनार में नई दिल्ली स्थित एक्सीलेंस ग्लोबल स्किलस से सेबी स्मार्ट ट्रेनर रुचिता चांदक ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। मुख्य वक्ता ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मानकों के अंतर्गत वित्तीय सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता व्यवसाय एवं उद्यमिता का स्रोत बन सकती है। युवाओं को सजग निवेश के माध्यम से अपने भविष्य के विकल्प सुदृढ़ करने चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल, प्लेसमेंट सेल, वाणिज्य विभाग तथा एक्सीलेंस ग्लोबल स्किलस को इस संयुक्त आयोजन के लिए बधाई दी।

### विश्वविद्यालयों के नॉन टीचिंग कर्मचारियों का प्रदर्शन




■ जॉब सिक्योरिटी एक्ट का लाभ देने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ ने विश्वविद्यालयों के नॉन टीचिंग कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी एक्ट का लाभ देने की मांग को लेकर बुधवार को प्रदर्शन कर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश संयोजक रणबीर बांगड़वा व सचिव विजय नियाणा ने बताया कि 14 अगस्त 2024 को राज्य सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत प्रदेश भर में कार्यरत 1.20 लाख कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा अधिनियम 2024 देने की बात कही थी। 25 दिसंबर 2025 को सुशासन दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जॉब सिक्योरिटी पोर्टल लॉन्च किया, लेकिन उसमें विश्वविद्यालयों में लगे किसी भी कौशल रोजगार निगम कर्मचारी को यह सुरक्षा नहीं मिलेगी। नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री विजय नियाणा ने बताया कि आज संगठन द्वारा गुजवि कुलपति को राज्यपाल के नाम और उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालयों में कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत सभी कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी एक्ट का लाभ देने, विश्वविद्यालयों के कुछ कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों का अनुभव विवरण गलत दर्ज है, उसको वास्तविक कार्यभार ग्रहण तिथि से दर्ज करने आदि मांगों को उठाया गया है।

### पारदर्शिता व जवाबदेही के प्रति जागरूकता को बढ़ाने पर दिया जोर

**हिसार।** प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (टीटीआई) द्वारा संयुक्त निदेशक डॉ सुखदेव राठी के दिशा निर्देशन में आयोजित सूचना का अधिकार अधिनियम पर क्षमता निर्माण सेमिनार का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय सेमिनार विशेष रूप से हरियाणा के पशुपालन व डेयरिंग विभाग के उपनिदेशक, उपमंडल अधिकारियों व पशु चिकित्सकों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें विभाग के 110 अधिकारियों ने आरटीआई अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन, विभागीय उत्तरदायित्व और पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंहअधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम के महत्व, इसके सही उपयोग और कार्यान्वयन के प्रमुख पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. सिंह ने पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। डॉ रामकरण ने टीटीआई की स्थापना, उद्देश्य, कार्यप्रणाली व आधार भूत संरचना के बारे में अवगत कराया। हरियाणा पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजीव बांगड़ ने टीटीआई की ओर से मुख्य अतिथि, विशेषज्ञ और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। सेमिनार डॉ. रविंद्र सैनी के कुशल समन्वय एवं सतत मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।